रजिस्ट्री संख्या डी. एल.—33004/94

REGD. NO. D.L.—33004/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 420] नई दिल्ली, शुक्रवार अक्तूबर 7, 1994/आश्विन 15, 1916
No. 420] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 7, 1994/ASVINA 15, 1916

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 1994

सा.का.नि. 744(अ).—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 124 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 123 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बम्बई पत्तन न्यास के न्यासी मंडल द्वारा बनाए गए तथा महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में क्रमशः दिनांक 16-6-94 और 23-6-94 को प्रकाशित बम्बई पत्तन न्यास (जोखिम भरे माल का परिवहन, सम्भलाई और भंडारण) विनियम, 1994 को अनुमोदित करती है, जिसके ब्यौरे इस अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची में दिए गए हैं।

[फा. सं. पीआर-16012/3/94-पीजी]
सी. एस. खैरवाल, संयुक्त सचिव

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट

अधिसूचना

क्र. सचिव/जी/डीटी-टीए/577

महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 123 की उप-धारा (एफ) से (ओ) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए मुंबई पत्तन के न्यासी मंडल ने जो निम्न विनियम बनाए हैं, वे कथित अधिनियम की धारा 124 की उप-धारा 2 की आवश्यकतानुसार इन विनियमों से जिन व्यक्तियों के प्रभावित होने की संभावना है, उनकी सूचना के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं, और सूचना (नोटिस) दी जाती है कि इन विनियमों के राजपत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों की अवधि समाप्त होने के दिन या होने पर उनके लिए केन्द्र सरकार के अनुमोदन का आवेदन किया जाएगा।

मुंबई पत्तन में जोखिमी माल का परिवहन, निपटान/व्यापार और संग्रहण, 1994

भाग I

1.0 शीर्षक—ये विनियम मुंबई भारतीय पत्तन में जोखिमी माल का परिवहन, व्यापार एवं संग्रहण विनियम 1994 कहलाए जायें, ये विनियम कहलाए जायें, मुंबई पत्तन द्वारा महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 123 के खंड (एफ) और (एन) प्रावधानों के अंतर्गत बनाए गए हैं ।

2.0 व्याप्ति—ये विनियम मुंबई की पत्तन सीमाओं के अंदर और सभी गोदियों, घाटों, कंवे जो बंदरों, जेटियों रेल मार्ग आदि पर; तथा मुंबई पत्तन के न्यासी मंडल द्वारा बनायी, प्राप्त की, अथवा उसे सौंपी गई इमारतों एवं अन्य कार्यों पर, तथा मुंबई पत्तन—जो आगे से 'पत्तन' कहलाया जाएगा—के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के अधीन होने वाली जमीनों और/अथवा तटाग्रों और सभी गोदियों पर लागू होंगे ।

3.0 इन विनियमों में निहित किसी भी बात से मर्चेंट शिपिंग एक्ट (व्यावसायिक नौवहन अधिनियम), 1958, विस्फोटक (Explosives) अधिनियम, 1884, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934, ज्वालाग्राही पदार्थ (Inflammable Substance) अधिनियम, 1952, गोदी कामगार (संरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण) अधिनियम, 1990, पर्यावरण अधिनियम (संरक्षण), 1986 और उनके अंतर्गत बनाए गए विनियम के प्रावधानों का महत्व कम नहीं होगा ।

4.0 परिभाषाएँ—

4.1 बोट—'बोट' से तात्पर्य है पत्तन के अंदर माल के चलन-वलन के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बार्ज अथवा उस प्रकार का अन्य कोई जलयान ।

4.2 अध्यक्ष—'अध्यक्ष' से तात्पर्य है पत्तन के न्यासी मंडल का अध्यक्ष जिसमें उनकी तरफ से कार्यभार देखने के लिए नियुक्त कोई भी व्यक्ति भी शामिल है।

4.3 सक्षम प्राधिकारी—इन विनियमों के संदर्भ में 'सक्षम प्राधिकारी' से तात्पर्य है विनियम लागू कराने के लिए न्यासी मंडल द्वारा उचित रूप से नियुक्त अधिकारी।

4.4 जोखिमी माल—'जोखिमी माल' से तात्पर्य है वह माल जो उसके स्वरूप, मात्रा अथवा जिसके संग्रहण की पद्धति के कारण अपने-आप में स्वतंत्र रूप से या एकत्रित रूप से जहाज पर, या पत्तन की सीमाओं के अंदर के लोगों के जीवन अथवा स्वास्थ्य को खतरा पहुंचा सकता है अथवा ऐसी पत्तन सीमाओं के अंदर की संपदा को नुकसान पहुंचा सकता है, इसमें रिसेप्टेकल, पोर्टेबल टैंक, फ्रेट कंटेनर अथवा वाहन में भरा हुआ आईएमडीजी कोड में यथा परिभाषित माल समाविष्ट है । रिसेप्टीकल, पोर्टेबल टैंक, अथवा वाहनों का पहले जोखिमी माल ढोने के लिये इस्तेमाल किया गया हो—वे जब तक अच्छी तरह साफ किये, सुखाये नहीं जाते, अथवा उस पहले माल का स्वरूप ऐसी ढुलाई सुरक्षित रूप से होगी, तथा कंटेनर अच्छी तरह बंद किये जा सकेंगे इस प्रकार का नहीं होता—तब तक वे रिसेप्टीकल, पोर्टेबल टैंक अथवा वाहन भी जोखिमी माल की व्याख्या में शामिल होंगे ।

जोखिमी माल में वे निम्न पदार्थ सम्मिलित हैं—

(i) जिनमें आईएमडीजी कोडी में सूचीबद्ध वर्गों में आने वाले गुणधर्म हैं ।

(ii) जो विस्फोटक अधिनियम, 1884 और/अथवा विस्फोटक नियम, 1983 द्वारा की गयी 'विस्फोटक' की परिभाषा के अनुसार 'विस्फोटक' माने गये हैं।

(iii) अन्य कोई भी माल जिसे सक्षम प्राधिकारी जोखिमी माल ठहराए ।

(iv) जोखिमी रसायनों का उत्पादन, संग्रहण एवं आयात नियम, 1989 की अनुसूची-(i) में सूचीबद्ध जोखिमी रसायन ।

4.5 निपटान—'निपटान' से तात्पर्य है पत्तन क्षेत्र में जहाज रेलवे वैगन अथवा किसी वाहन से माल का लदान एवं उतराई, संग्रहण क्षेत्र में या वहां से और/अथवा जहाज में स्थानांतरण और जहाजों के बीच नौकांतरण तथा अन्य सहायक प्रचालन इसमें फ्रेट कंटेनर भरना और खाली करना भी शामिल है ।

4.6 आईएमडीजी कोड—'आईएमडीजी कोड' से तात्पर्य है अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन, लंदन द्वारा जारी किए जाने वाले 'अंतरराष्ट्रीय समुद्री जोखिमी माल' कोड (इंटरनेशनल मेरीटाईम डेंजरस गुड्स) का अद्यतन संस्करण ।

4.7 'आईएमओ' से तात्पर्य है अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (International Maritime Organisation).

4.8 जोखिमी माल निरीक्षक—इन विनियमों के संदर्भ में जोखिमी माल निरीक्षक से तात्पर्य है जोखिमी माल के किसी भी निपटान या परिवहन में इन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त व्यक्ति ।

4.9 मास्टर—पत्तन का इस्तेमाल करने वाले किसी भी जहाज के संबंध में 'मास्टर' से तात्पर्य है कुछ समय के लिए उस जहाज का कार्यभार अथवा नियंत्रण देखने वाला पायलट, हार्बर मास्टर सहायक हार्बर मास्टर, गोदी मास्टर या पत्तन का बर्थिंग मास्टर छोड़कर अन्य कोई व्यक्ति ।

4.10 मालिक—माल के संबंध में मालिक की व्याख्या में ऐसे माल के लदान एवं उतराई की जिम्मेदारी होने वाला अथवा बिक्री करने वा कोई भी प्रेषक, परेषिति, नौवाहक या एजेंट आदि शामिल हैं और पत्तन का इस्तेमाल करने वाले जहाज के संबंध में मालिक की व्याख्या में जहाज का कब्जा, जिसके पास है, ऐसा कोई भी 'सह-मालिक (part owner) चार्टरर, परेषिति अथवा अनुबन्धक (mortgagee) शामिल है ।

4.11 जिम्मेदार व्यक्ति—'जिम्मेदार व्यक्ति' से तात्पर्य है मालिक 'और/अथवा मास्टर' द्वारा नियुक्त किया गया, और जिसे जोखिमी माल के परिवहन, निपटान एवं संग्रहण के कामों के संबंध में सारे निर्णय लेने के अधिकार प्राप्त हैं ऐसा उस कार्य के लिए आवश्यक ज्ञान एवं अनुभव होने वाला कोई भी व्यक्ति।

4.12 परिवहन—'परिवहन' से तात्पर्य है पत्तन में परिवहन के एक अथवा अधिक तरीकों से खतरनाक माल का संचलन।

4.13 अस्थिर पदार्थ—'अस्थिर पदार्थ' अर्थात् वह पदार्थ जो ऐसा खतरा टालने के आवश्यक विशिष्ट पूर्वोपाय नहीं किए गए (अवरोधन, मंदन (डाल्यूशन), प्रशीतन या अन्य उतने ही प्रभावशाली उपाय) जो नैसर्गिक प्रतिक्रिया (spontaneous reaction) (उदा बहुलकीकरण पॉलिमराईजेशन) वियोजन (डिकंपोजिशन) आदि के कारण परिवहन के दौरान अथवा संग्रहण स्थिति के कारण खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं।

4.14 जहाज—'जहाज' से तात्पर्य है पत्तन में खतरनाक माल के—वहन, ढुलाई और/अथवा परिवहन के लिए मुख्यतः जलमार्ग से बनाई गई कोई भी चीज।

4.15 समुद्री प्रदूषक—जिस घोल या मिश्रण में आय-एमडीजी कोड में समुद्री प्रदूषक के रूप में बताए गए पदार्थ 10% अथवा अधिक मात्रा में हैं, उन्हें समुद्री प्रदूषक चिन्हित किया जाएगा और आईएमडीजी कोड का अनुपालन किया जाएगा, चाहे पदार्थ की श्रेणी कुछ भी हो।

5.0 खतरनाक माल का वर्गीकरण—इन नियमों के संदर्भ में खतरनाक माल निम्न वर्गों में विभाजित किया जाएगा :—

श्रेणी 1	विस्फोटक।
श्रेणी 2	वायु-दाब के अंतर्गत संपीड़ित, द्रवीकृत अथवा विघटित।
श्रेणी 3	ज्वलनशील द्रव।
श्रेणी 4.1	ज्वलनशील घन।
श्रेणी 4.2	निसर्गतः/सहज दहन हो पाने वाले ज्वलनशील घन या पदार्थ
श्रेणी 4.3	पानी के साथ संपर्क आने पर ज्वलनशील वायु उत्सर्जित करने वाले ज्वलनशील घन अथवा ज्वलनशील पदार्थ।
श्रेणी 5.1	ऑक्सीडीकरण करने वाले पदार्थ।
श्रेणी 5.2	ऑरगेनिक पैरॉक्साईड्स।
श्रेणी 6.1	जहरीले (विषजन्य) पदार्थ।
श्रेणी 6.2	औपसर्गिक पदार्थ।
श्रेणी 7	विघटनाभिक पदार्थ।
श्रेणी 8	क्षयकारी (Corrosive)।
श्रेणी 9	जो अनुभव से खतरनाक साबित हुए हैं या होंगे ऐसे अन्य सारे फुटकर खतरनाक पदार्थ भी खतरनाक माल के अंतर्गत माने जायें।

5.1 वर्ग 2 से वर्ग 9 के खतरनाक माल के निपटान के लिए विनियम इन नियमों के भाग IV में विनिर्दिष्ट हैं।

5.2 मुंबई पत्तन में विस्फोटकों के निपटनान के लिए पूरक नियम विस्फोटक अधिनियम, 1884 और/अथवा विस्फोटक नियम 1983 के अंतर्गत अधिसूचित है।

5.3 वर्ग 2 से वर्ग 9 के खतरनाक माल के मुंबई पत्तन में निपटान के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं अनुसूची II में विनिर्दिष्ट हैं।

5.4 खतरनाक पदार्थों के खतरों का मूल्यांकन यदि आईएमओ द्वारा अधिसूचित न हो, तो उसके लिए जहाज मालिक/परेषिति मर्चेंट शिपिंग (खतरनाक माल) नियमों के प्रावधान के अंतर्गत नौवहन महानिदेशक, भारत सरकार को आवेदन करे।

भाग II

6.0 जहाज का आगमन—खतरनाक माल उतारने और/अथवा लादने का इच्छुक जहाज मालिक/एजेंट जहाज के पत्तन में आने से कम से कम 48 घंटे पहले निम्नलिखित दस्तावेज सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा :—

6.1 आवेदन प्रपत्र (अनुसूची 1 में यथावर्णित)।

6.2 खतरनाक माल की सूची (3 प्रतिलिपियां, अनुसूची 1)।

6.3 निर्यात माल (अनुसूची 1 के लिए) खतरनाक माल टिप्पणी (3 प्रतिलिपियां)।

6.4 पैकेजिंग प्रमाण-पत्र (केवल निर्यात माल के लिए—यदि आवश्यक हो)।

6.5 माल सूची।

6.5 सारे खतरनाक माल की सामग्री सुरक्षा तिथि, पर्ची (एमएसडीएस)।

6.7 समुद्री प्रदूषक माल का ब्यौरा।

6.8 भारतीय पत्तनों में संग्रहण, निपटान और परिवहन के लिए खतरनाक माल की विशेषताओं पर प्रश्नावली (अनुसूची 2)।

7.0 अमानत—सीधी सुपुर्दगी/माल लदान के मामले, अथवा जहां पत्तन में सीमित अवधि के लिए संग्रहण की अनुमति दी गई है—ऐसे मामलों में पत्तन मालिक/एजेंट से निपटान, संग्रहण, मार्गरक्षा (एस्कॉर्ट) और ऐसे माल की व्यवस्था की अनुमानित लागत और लगाए जाने वाला दंड यदि हो—के लिए अमानत राशि ले सकता है। इस प्रकार जमा की गई राशि धारा 8.0 के अंतर्गत जारी अनुज्ञा पत्र में दिए गए अनुदेशों के अनुसार माल उचित प्रकार से चढ़ाये/उतारे एवं निपटाए जाने के बाद वापस की जाएगी।

8.0 ये दस्तावेज एवं अमानत राशि प्राप्त होने पर सक्षम प्राधिकारी मालिक/एजेंट को माल उतारे जाने के तरीके,

संग्रहण, विलगीकरण, अन्य आवश्यकताएँ, उपलब्ध कराने के उपकरण और कंटेनर माल के संबंध में पत्तन और/अथवा जहाज की सुरक्षा से संबंधित अन्य शर्तों के बारे में विनिर्दिष्ट निर्देश देगा । सक्षम प्राधिकारी कंटेनर भरे/खाली किए जाने के लिए क्षेत्र/डिपो भी निश्चित करेगा ।

9.0 माल निपटान का प्रारंभ ।

9.1 मास्टर अनुसूची 1 में यथानिर्धारित खतरनाक माल जाँच सूची प्रस्तुत करेगा ।

9.2 सक्षम प्राधिकारी से 8.2 में यथाविनिर्दिष्ट अनुदेश प्राप्त करने के बाद ही (तथा खतरनाक माल निरीक्षक को जांच सूची और मालिक/मास्टर द्वारा दिए गए किसी भी अन्य घोषणा पत्र की यथार्थता से पूरी तरह संतोष हो जाने के बाद ही) जहाज से खतरनाक माल का निपटान कार्य आरंभ होगा ।

10.0 मास्टर की जिम्मेदारियां—

10.1 खतनाक माल से भरा जहाज पत्तन सीमाओं में होने तक उसके मास्टर उचित ध्वज इस प्रकार लगवायेंगे जिससे कि वे सबसे स्पष्ट एवं अच्छी तरह से देखे जा सकें ।

(क) सूर्योदय से सूर्यास्त तक लाल ध्वज; और

(ख) सूर्यास्त से सूर्योदय तक लाल दिया ।

10.2 जब भी खतरनाक माल का निपटान होना हो, मास्टर

10.2 (1) संबंधित प्रचालन पर व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षा के लिए किसी जिम्मेदार व्यक्ति को नियुक्त करेगा । वह अधिकारी आईएमडीजी कोड और इन विनियमों के अंतर्गत आवश्यक सारे उचित पूर्वोपाय करेगा अथवा करवाने की व्यवस्था करेगा ।

(2) अग्निशमन सामग्री हर वक्त सुसज्ज रखेगा—होजेस और बॅच पाइप्स जोड़े हुए होंगे ।

(3) जिसके लिए खुलोज्योत/खुलीअग्नि का इस्तेमाल आवश्यक है; ऐसा कोई मरम्मत कार्य जहाज के किसी भी हिस्से में नहीं हो रहा है, इसको सुनिश्चित करेगा । इंजिन रूम से संबंधित अग्नि सावधानी से प्रज्वलित रखेगा और अन्य सारी प्रकार की अग्नि अथवा नॉन-सेफ्टी बत्तियां बुझा देगा ।

(4) किनारे पर तैनात उचित व्यक्ति के साथ तत्पर एवं प्रभावी संपर्क बनाए रखेगा ।

(5) जब भी आवश्यक हो, आइएमओ द्वारा प्रकाशित ईएमएए अनुसूची और उसी प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित एमएजी में विनिर्दिष्ट उपकरण उपलब्ध कराएगा या इस्तेमाल करेगा ।

(6) खतरनाक माल के निरीक्षण के लिए पत्तन अधिकारियों को प्रवेश एवं उचित सुविधाएँ देगा ।

(7) पत्तन के सक्षम प्राधिकारी की स्पष्ट अनुमति के बिना खतरनाक माल के कोई भी क्षतिग्रस्त/क्षरक (लिकी) कंटेनर अथवा पैकेज बाजों में या किनारे पर उतारे नहीं जाते इसको सुनिश्चित करें ।

(8) मास्टर सुनिश्चित करेगा कि इस खतरनाक माल के निपटान में लगे सभी व्यक्ति व्यक्तिगत सुरक्षा सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं । वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि इस्तेमाल हो रहा माल निपटान सामान एवं अन्य सामग्री ऐसे माल के सुरक्षित निपटान की आवश्यकतानुसार है ।

(10) वह माल उतारने से पहले सुनिश्चित करेगा की सभी खतरनाक मालपर आयएमडीजी कोड के अनुसार सही प्रकार लेबल अथवा चिह्न लगाए गए हैं ।

(11.1) पत्तन में निपटाया जाने वाला या पत्तन से गुजरनेवाला खतरनाक माल चाहे कंटेनर में हो या अन्य पैकेजों में हो मालिक/एजेंट संबंधित माल की सत्य एवं सही सूचना देगा ।

11.0 मालिक/एजेंट की जिम्मेदारियां —

11.1 पत्तन में निपटाया जाने वाला या पत्तन से गुजरने वाले खतरनाक माल चाहे कंटेनर में हो या अन्य पैकेजों में हो मालिक/एजेंट संबंधित माल की सत्य एवं सही सूचना देगा ।

11.2 पत्तन क्षेत्र में लाये जाने वाले खतरनाक माल के प्रत्येक केस के पैकेज/रिसेप्टेकल्स आई एम डी जी कोड में विनिर्दिष्ट पैकेजिंग मानक का कड़ाई से अनुपालन करेंगे, ऐसे केसेस/रिसेप्टेकल्स पत्तन क्षेत्र में खतरनाक माल के निपटान के दौरान योग्य स्थिति में रखे जायेंगे ।

11.3 पत्तन के अन्दर निपटान के दौरान यदि खतरनाक माल की कोई भी केस या रिसेप्टेकल्स क्षतिग्रस्त होता है या रिसने लगता है, तो उस स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाये गये प्रतिबंधक उपाय किये जायेंगे ।

11.4 खतरनाक माल की क्षतिग्रस्त केस अथवा रिसेप्टेकल की मरम्मत, का अथवा खराब भरे सामान को पुनः भरने का काम सक्षम प्राधिकारी की देखरेख में खतरनाक माल के वर्गों के लिये लागू विशेष शर्तों के अनुसार किया जाएगा ।

11.5 खतरनाक माल के केस/रिसेप्टेकल पत्तन क्षेत्र के अंदर सिर्फ सीमा शुल्क विभाग द्वारा उचित पद्धति से नमूना निकलवाने के लिये और इसके लिये सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त कराने के बाद ही खोले जायेंगे अन्यथा नहीं, ऐसी अनुमति आवश्यक प्रतीत होने वाली अतिरिक्त शर्तों एवं प्रतिबंधों पर निर्भर होगी ।

11.6 नमूना निकलवाने की दृष्टि से खतरनाक माल की केस/रिसेप्टेकल खोलने/बंद करने अथवा उसकी मरम्मत करने के लिये ऐसी कोई भी सामग्री इस्तेमाल नहीं की की जायेगी जिससे चिंगारियां निकलने की संभावना है ।

11.7 सारे जोखिमी माल चिन्हित करने, लेबल लगवाने तथा उनके भरे जाने का काम आई एम डी जी कोड द्वारा यथानिर्धारित पद्धति से होगा।

11.8 रिसते, (लिकी) क्षतिग्रस्त अथवा खराब स्थिति में होने वाले किसी भी सामान का निपटान केवल सक्षम प्राधिकारी की विनिर्दिष्ट अनुदेशों पर ही किया जायेगा।

11.9 मालिक/एजेंट सक्षम प्राधिकारी को खतरनाक माल के निरीक्षण के लिये हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायेगा।

11.10 खतरनाक माल लाने वाले एजेंट/मालिक माल के निकालने से संबंधित सारी औपचारिकतायें-खास कर सीमा शुल्क विभाग से संबंधित पूरी की गई है इसकी सुनिश्चित करेंगे, ताकि माल की सुपुर्दगी लगभग तत्काल दी जा सके।

11.11 खतरनाक माल फ्रेट कंटेनरों में भरे/उनमें से निकाले जाने का काम आई एम ओ और खतरनाक माल निरीक्षक की सिफारिशों के अनुसार किया जायेगा।

12. प्रतिबंधक उपायों के बारे में दायित्व—

12.1 खतरनाक माल के स्टीमर एजेंट/प्रेषक/परेषिती और पत्तन क्षेत्र के अंदर के सारे परिसर के अधिभोक्ता अथवा देखरेखकर्ता हमेशा सक्षम प्राधिकारी के बताये और इन विनियमों में निर्धारित किसी भी सुरक्षा पूर्वोपाय का पालन करेंगे अथवा पालन की व्यवस्था करेंगे, पत्तन क्षेत्र में खतरनाक माल निपटाया या संग्रहित किया जाता हो, और एजेंट/मालिक/प्रेषक/परेषिती द्वारा दुर्घटना टालने की दृष्टि से संगत पूर्वोपाय नहीं किये गये हों, तो उस स्थिति में सक्षम प्राधिकारी पत्तन की सुरक्षा के लिये आवश्यक कार्यवाही कर सकता है और इसके लिये किया गया खर्चा ऐसे एजेंट/मालिक/प्रेषक/परेषिती द्वारा रखी गई अमानत राशि से वसूल कर सकता है। यदि इस प्रकार जमा की गई राशि पर्याप्त न हो, तो पत्तन अपनी खर्चे की राशि माल की बिक्री द्वारा वसूल कर सकता है।

13.0 नये पदार्थों की नौजियों का निर्धारण—यदि मालिक/एजेंट किसी ऐसे माल की आयात करना चाहता हो, तो जो खतरनाक है पर आई एम डी जी कोड में समाविष्ट नहीं है, तब सक्षम प्राधिकारी को ऐसे माल की प्राप्ति के लिये उचित कार्यपद्धति (मोडलिटीज) की व्यवस्था करने की दृष्टि से पर्याप्त पूर्वसूचना दी जानी चाहिये। पर्याप्त सूचना नहीं दी गई, तो माल को पत्तन में प्रवेश देने से इन्कार किया जा सकता है, यदि ऐसा माल जोखिमी रसायन का उत्पादन, संग्रहण और आयात नियम 1989 की अनुसूची (18) में सूचीबद्ध है, तो मालिक/एजेंट विनिर्दिष्ट अनुमति प्राप्त करेगा और ऐसे माल की प्राप्ति के लिये किये गये सुरक्षा उपायों की सूचना प्रदूषण नियंत्रण मंडल को देगा।

14.0 बार्ज मालिक/चालक की जिम्मेदारी :—

14.1 खतरनाक माल वहन करने वाले बार्जों में एक दूसरे से मेल न खाने वाले विभिन्न वर्गों का माल नहीं भरा जायेगा और जहां एक दूसरे से मेल खाने वाले दो से अधिक वर्गों का माल भरा जाता है, वहां विभिन्न वर्गों के माल के बीच पृथक्करण (सेग्रिगेशन) के लिये पर्याप्त जगह रखी जायेगी। प्रत्येक मामले में खतरनाक माल के निरीक्षक अथवा सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों का अनुपालन किया जायेगा।

14.2 खतरनाक माल वहन करने वाले बार्ज/लाइटर्स के होल्डस तथा डेक का सुपृष्ठ क्षेत्र नान-फ्रिक्शन और नान-स्पार्किंग होगा।

14.3 खतरनाक माल वहन करने वाले बार्ज को कहीं भी अनावृत्त बत्ती अथवा खुली ज्वाला जलाने की सख्त मनाई है।

14.4 किसी भी निर्धारित घाट अथवा पीयर में पास-पास घाट लगाये गये दो बार्जों के बीच 9.0 मी. की सुरक्षित दूरी रखी जायेगी।

14.5 जहां तक व्यवहार्य हो, माल के निपटान के समय बार्ज 'डबल-बैंक' नहीं किये जायेंगे।

14.6 खतरनाक माल के बार्ज/लाइटर्स का किसी भी घाट अथवा पीयर में रात्रि वास्तव्य खतरनाक माल के निरीक्षक की निश्चित अनुमति से ही हो सकता है।

14.7 बार्जों के साथ-साथ खड़े रहने के लिये शेड अधीक्षक की अनुमति आवश्यक होगी और ऐसे बार्जों के प्रवेश के लिये तथा निपटान की उचित व्यवस्था के लिये उसे पर्याप्त सूचना दी जायेगी।

भाग—III

15.0 सामान्य प्रावधान :—

15.1 सक्षम प्राधिकारी की राय में यदि पत्तन क्षेत्र में संग्रहण के उद्देश्य से या पत्तन क्षेत्र से गुजरने के लिये आये खतरनाक माल की तत्कालीन स्थिति, उनकी वहन पद्धति अथवा पोर्ट क्षेत्र में तत्कालीन स्थिति की वजह से यदि जीवित या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की संभावना हो, तो ऐसा सक्षम प्राधिकारी उस खतरनाक माल को प्रवेश देने से इन्कार कर सकता है।

15.2 यदि पत्तन क्षेत्र में होने वाले किसी खतरनाक पदार्थ में अस्वीकार्य जोखिम हो, तो सक्षम व्यक्ति ऐसा पदार्थ अथवा ऐसा पदार्थ रखे गये पैकेज फ्रेट कंटेनर, पोर्टेबल टैंक वैसल अथवा वाहन आवश्यकतानुसार किसी अन्य स्थान या समुद्र में हटाये जाने का आदेश दे सकता है। जब तक कि अनुचित घटक के सुरक्षित परिवहन और निपटान से संबंधित सारी शर्तें पूरी नहीं की जाती और उसे उचित रूप से प्रमाणित नहीं किया जाता, तब तक किसी अयोग्य पदार्थ/माल को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

15.4 एक समय में केवल एक ही वर्ग के माल का निपटान किया जायेगा।

15.5 सक्षम प्राधिकारी की राय में जिस खतरनाक माल से पत्तन की सुरक्षा को खतरा पहुंचने की संभावना हो, ऐसा खतरनाक माल वह सुरक्षित पद्धति से नष्ट कर सकता है, जब ऐसा खतरनाक माल इस प्रकार नष्ट किया जाता है, तब माल का मालिक/एजेंट किसी प्रकार की कोई क्षतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा, जिस खतरनाक माल का निपटान अथवा परिवहन सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों के विपरित प्रकार से किया गया हो, ऐसा खतरनाक माल पत्तन द्वारा हटाया अथवा नष्ट किया जा सकता है और उसमें आया खर्च माल के लिए रखी गई अमानत राशि से और यदि अमानत राशि खर्च पूरा करने के लिए पर्याप्त न हो, तो माल की बिक्री से वसूल किया जा सकता है ।

15.6 सारे पदूषक तथा किसी भी खतरनाक माल के रिसाव केकारण उत्पन्न 'स्लाप' जहाजपर ही रहने दिये जायेंगे, तथा पत्तन के प्रदूषण प्रतिबंधक नियमों के अनुसार सारे उपाय किये जायेगें ।

15.7 समुद्री प्रदुषकों का निपटान सक्षम प्राधिकारी निदेशित करेगा ऐसे प्रदूषक समुद्री पर्यावरण में अथवा समुद्र में नहीं फेके जाते, इसकी सुनिश्चिति के लिए प्रत्येक आवश्यक उपाय किया जाएगा ,

16.0 छूट देने के अधिकार :—

16.1 पोर्ट के खतरनाक माल निरीक्षक अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किसी भी आदेश के संबंध में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, ऐसे अपील अध्यक्ष जी के विचारार्थ प्रस्तुत किए जाएगे और उन पर अध्यक्ष जी का निर्णय अंतिम रहेगा.

16.2 सक्षम प्राधिकारी की सलाह पर अध्यक्ष जी अपवादात्मक मामलों में किसी भी व्यक्ति या परेषित माल के किसी भी प्रेषण को इस विनियमों के किसी भी अथवा सभी प्रावधानों से सशर्त अथवा बिना किसी शर्त के छूट दे सकते हैं।

17.8 दंड :-

17.1 जो व्यक्ति किसी भी विनियम का उल्लघंन करता है, वह 10.000 रुपये के दंड के लिए उत्तरदायी होगा और यदि इस प्रकार उल्लघंन करना जारी रहता है, तो जिस अवधि तक इसप्रकार उल्लघंन चलता रहेगा उस अवधि तक प्रति दिन 1000 रुपये के अतिरिक्त दंड का उत्तरदायी होगा उपरोक्त प्रकार दंड पत्तन विनियमों के अंतर्गत की गई किसी भी कार्यवाही के अतिरिक्त होगा ,

17.2 यदि उल्लघंन जारी रहता है, तो सक्षम प्राधिकारी अध्यक्ष जी की सहमति से जहाज धाट से हटाए जाने की व्यवस्था कर सकता है, ऐसी कार्यवाही लगाए गये दंडों के अतिरिक्त होगी,

भाग IV

खतरनाक माल निपटान के लिए विनियम (आयएमडीजी कोड वर्ग II से IX) दाब के अंतर्गत सम्पिडित द्रवीभूत या विघटित वायुओं का निपटान/संग्रहाण

आयएम डी जी कोड श्रेणी II

18.0 परिभाषा:-इस वर्ग में वायु के प्रकार शामिल है,

18.1 ज्वालाग्राही वायु

18.2 अज्वालाग्राही वायु

18.3 जहरिले वायु

19.0 मालिक/एजेंट सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्दिष्ट सभी अनुदेशों का पालन करेगा .

19.1 जहां तक भारत में उत्पादित सिलिडरों के फंब्रिकेशन, फिटिंग मार्किंग एवं कलर कोड और लेबलिंग की बात है, यदि उनकी क्षमता 1000 लिटर तक हो, तो गैस सिलिडर नियम 1981 में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा और क्षमता 1000 लिटर से उपर हो, तो एम एम पीठ ही (यू) नियम 1981 का अनुपालन किया जाएगा आयातीत सिलिडरों पर आयएमडीजी कोड के अनुसरण में सिलिडर उचित प्राधिकारी द्वारा जांचे और प्रमाणित किए गए है यह दर्शाने वाले चिन्ह लगाए जाएगे।

20.0 गैस भरे सिलिडर /कंटेनर के वाल्व्ह उचित प्रकार से बने डिजाईन से संरक्षित रूप से जोडी गई मजबूत मेटल कंप उपलब्ध कराके सुरक्षित रखे जाएगे, ऐसी मेटल कंप और वॉल्व्ह अथवा वॉल्व्ह के किसी हिस्से के बीच किसी प्रकार का कोई प्रत्यक्ष संपर्क नहीं होगा।

21.0 वायु के सिलिडर /कंटेनर वायु का नाम दर्शाते हुए आयएमडीजी कोड के अनुसार चिन्हित किए जाएगे अथवा मुद्राच्च लेबल लगाए जाएगे ;

2.0 सिलिडरों का निपटान और इस्तेमाल

निपटान के दौरान सिलिडरों को पर्याप्त आधार दिया जाएगा, सिलिडर यहां वहां ले जाने के लिए जहां तक संभव हो, पर्याप्त रूप से मजबूत ट्रालियों अथवा क्रेडल्स का उपयोग होगा, सिलिडरों का निपटान संपूर्ण सावधानी बरतते हुए किया जाएगा, सिलिडर एक दूसरे पर गिरने या इस प्रकार की अन्य अंवाछित स्थिति में आने नहीं दिए जाएगे।

सिलिडर घसीटना, गिराना अथवा उनके साथ खेलना निषिद्ध है,

द्रवीकृत पेट्रोलियम वायु सिलिडर अथवा द्रवरूप किए जा सकने वाले वायु से भरे सिलिडर हर वक्त सीधे रखे जाएगे और इस प्रकार रखे जाएगे जिससे कि वे गिराये नहीं जा सकेगें, आडे रखे गए सिलिडर इस प्रकार रखे जाएगे जिससे कि उनके लुढ़कने की संभावना न हो,

वेल्डिग, कटीग अथवा हिटीग के लिए उपयोग में लाये जाने वाले सिलिडर छोड़कर ज्वालाग्राही वायु से भरे हुए अन्य किसी भी सिलिडर के नजदीक खुली ज्वाला अग्नि बत्ती किए वेल्डिग कार्य, तथा धुम्रपान की सख्त मनाई होगी।

23.8 निपटान के दौरान सारे गैस सिलिडर/ कंटेनर ट्रे पर जमा किए जाएगे, तथापि यदि यह संभव न हो,

तो (सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित) अन्य किसी सुरक्षित पद्धति की स्लींग्ज (Slings) का उपयोग किया जा सकता है,

24.0 सिलिंडर/कंटेनर का तेलयुक्त अथवा चिकने पदार्थों से संसर्ग टालने के लिए हर प्रकार की सावधानी बरती जाएगी और हर संभव उपाय किए जाएंगे ।

25.0 ज्वालाग्राही वायु और टाक्सीक वायु भरे सिलिंडर/कंटेनर का निपटान स्वतंत्र रूप से किया जाएगा और वे एक दूसरे से तथा अन्य प्रकार के वायु से भरे सिलिंडरों से हमेशा अलग रखे जाएंगे ।

26.0 वायु के सिलिंडर/कंटेनर हर वक्त सूर्य किरणों से तथा सीधी उष्णता के अन्य स्रोतों से दूर सुरक्षित रखे जाएंगे ।

27.0 वायु के सिलिंडर/कंटेनर के उपर अन्य कोई भी माल नहीं रखा जाएगा । खाली सिलिंडर/कंटेनर जब तक पूर्णतः वायुमुक्त नहीं किए जाते, तब तक ये विनियम खाली सिलिंडर/कंटेनर के मामले में भी लागू होंगे ।

पैक किए गए ज्वालाग्राही द्रवों का निपटान एवं संग्रहण

29.0 ये विनियम ड्रम रिप्सेटेकल्स एवं केसेस में पैक किए गए ज्वालाग्राही द्रव से संबंधित हैं, पेट्रोलियम उत्पादनों के कंटेनर पेट्रोलियम नियम 1976 में निश्चित की गई आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगे ।

इन विनियमों के संबंध में ज्वालाग्राही द्रव निम्न गुटों में विभाजित किए जाएंगे :

29.1 श्रेणी 3.1–बंद स्थिति में 18 सी (0एफ) से नीचे का फलैश पाईंट वाले द्रवों का निचला फलैश पाईंट ।

29.2 श्रेणी 3.2 'बंद कप जांच' नुसार 18 सी (0एफ) से 23 सी (73 एफ) तक (पर 23 सी यह आंकडा सम्मिलित नहीं) के फलैश पाईंट वाले द्रवों का मध्यम फलैश पाईंट गुट ।

29.3 श्रेणी 3.3–'बंद कप जांच' नुसार 23 सी (73 एफ) से लेकर 61 सी (141 एफ) तक के फलैश पाईंट वाले द्रवों का उच्च फलैश पाईंट गुट ।

30.0 प्रतिबंधक उपाय—मालिक/एजेंट सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा वर्णित सभी अनुदेशों का पालन करेगा ।

31.0 इस वर्ग के द्रव बहुलकता में हो सकते हैं और उसमें से खतरनाक वायु एवं उष्णता मुक्त करा देते हैं। जिससे कि रेसेप्टेकल के टूटने बिखरने की संभावना रहती है। इसलिए ऐसे द्रव भरे कंटेनर/रिसेप्टेकलों के निपटान के समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिये । कंटेनर/रिसेप्टेकल गिराये, फेंके, लुढ़काये या अन्य किसी गलत तरीके से निपटाये नहीं जायेंगे ।

32.0 इस प्रकार के लगभग सभी द्रवों की भांप (व्हेपोर) में कुल हद तक मंदक (नारकॉटिक) असर करने वाले गुणधर्म होते हैं। अतः उनका निपटान करने वाले मजदूरों को उसके खतरे से सुरक्षित रखा जाएगा ।

33.0 इस माल के निपटान के समय वह माल आग पकडाने वाले सीधे स्रोतों से हर वक्त—उनके संक्रमण के दौरान भी दूर रखा जाएगा । ऐसा माल शीत एवं हवादार जगह में रखा जाएगा ।

34.0 इस क्षेत्र में अथवा आसपास काम करने वाले कर्मचारी वर्ग को दियासलाई, लाइटर, फिलट अथवा जो आग लगा सके या जिससे चिंगारी निकल सके, ऐसी अन्य कोई भी सामग्री लाने की इजाजत नहीं रहेगी ।

35.0 जहां भी कोई रिसता ड्रम देखा जाए, वह सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों पर हटाकर अलग रखा जाएगा ।

36.0 अत्यावश्यक स्थितियों को छोड़कर सामान्य स्थितियों में ऐसे माल का निपटान केवल दिन में किया जाएगा ।

37.0 ऐसे माल की पैकेजिंग, उसे आग के बाहरी स्रोतों से सुरक्षित रखे जाने की दृष्टि से किया जाता है । यदि उसे कोई नुकसान पहुंचता है, तो वह सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों के तहत दूर किया जाना चाहिये ।

38.0 इन द्रवों से नमूना निकालते समय चिंगारीरहित साधन या ऑक्सन पद्धतियां अपनायी जायेगी ।

39.0 इस माल का अन्य सारे माल से पृथक्करण एवं अलगाव IMDG कोड में यथा निर्धारित होगा ।

इंडिया कोड वर्ग IV में निर्धारित माल का निपटान एवं संग्रहण

40.0 वर्ग 4.1 ज्वालाग्राही धनपदार्थ—

इस वर्ग के पदार्थों में ऐसे गुणधर्मों के धनपदार्थ हैं, जो चिंगारी या ज्योत जैसे बाहरी स्रोतों के कारण आसानी से आग पकड़ सकते हैं अथवा घर्षण के जरिये आग लगा सकते हैं । आग लगाने में मदद करते हैं, या शीघ्र दहन होते हैं ।

40.1 वर्ग 4.2—स्वाभाविक दहन की संभावना वाले पदार्थ—

इस वर्ग के पदार्थ द्रव या धनपदार्थ हैं, जिनका सामयिक गुणधर्म हैं, स्वाभाविक रूप से उष्णता देना या आग पकड़ना ।

40.2 वर्ग 4.3—ऐसे पदार्थ, जो पानी से संपर्क आने पर ज्वालाग्राही वायु छोड़ते हैं/निर्माण करते हैं ।

इस श्रेणी के पदार्थ है वे द्रव या धन पदार्थ, जिनका सामयिक गुणधर्म हैं पानी से संपर्क आने पर ज्वालाग्राही वायु पैदा करना । कुछ मामलों में वे (पदार्थ) स्वाभाविक रूप से आग पकड़ लेते हैं ।

ए. आयएमडी कोड श्रेणी IV [i]

41.0 मालिक/एजेंट इस माल के निपटान के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए अनुदेशों का सख्त पालन करेंगे ।

42.0 निपटान के दौरान पैकेजेस को कोई नुकसान नहीं पहुँचता, इसकी सुनिश्चिति की पूरी व्यवस्था की जाएगी। यह माल (गिराया, फेंका, लुढ़काया) अथवा अन्य किसी गलत तरीके से हथियाया नहीं जाएगा।

43.0 निपटान के दौरान यह माल रिसे नहीं इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। कुछ द्रव रिस जाने की स्थिति में वह पैकेज सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित सुरक्षित प्रकार से हटा दिया जाएगा।

44.0 किसी भी स्थिति में कोई वाहन या मशीनरी या अन्य माल इस गिरे ज्वालाग्राही धन पदार्थों ज्वालाग्राही पदार्थों के रिसाव के ऊपर से गुजरने/लुढ़कने नहीं दिया जाएगा।

45.0 यह सुनिश्चित करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि निपटान/संग्रहण अथवा परिवहन के प्रत्येक चरण में ऐसा माल अन्य माल से दूर तथा सक्षम प्राधिकारी के निर्धारण के अनुसार सुरक्षित दूरी पर निपटाया जा रहा है।

बी. आयएमडीजी कोड वर्ग IV(ii)

46.0 उपरोल्लिखित सभी विनियम इस श्रेणी पर भी लागू है। इनके अतिरिक्त उन पर निम्न प्रतिबंध भी लागू हैं।

47.0 यदि संपूर्ण अवधि के लिए वायु रुध्द करने (हर्मेटिकली) मुहरबंद स्थिति में पैक रहते हैं, तो उन्हें पत्तन क्षेत्र के अंदर रहने देने की अनुमति दी जा सकती है।

48.0 स्वाभाविक दहन की संभावना होने वाले ज्वालाग्राही धन पदार्थ संक्रमण के दौरान या तो जोखिमी माल शेड के अंदर अथवा ऐसे माल के स्वतंत्र अलग-अलग प्रेषणों से संबंधित अनुदेशों में दर्शाए गए किसी अन्य परिसर में छोटे ढेर रखकर संग्रहित किए जाएंगे, ऐसे छोटे ढेरों के बीच तथा इन ढेरों एवं दीवारों के बीच हर तरफ के उचित खाली जगह छोड़ी जाएगी। अतितप्त होने की संभावना नहीं है, इसकी सुनिश्चिति करने की दृष्टि से सक्षम प्राधिकारी इन ढेरों का नियमित और आवधिक निरीक्षण करेगा। यदि कोई ढेर अपेक्षा से अधिक गर्म पाया जाता है, तो वे ढेर गिराये/हटाए जाएंगे। उन्हें ठंडा किया जाएगा और उचित प्रकार से पुनः ढेर में रखकर रखा जाएगा।

सी. आयएमडीजी कोड वर्ग IV(iii)

49.0 40.0 से 45.0 तक के सभी विनियम इस वर्ग पर भी लागू होंगे इनके अलावा इन पर निम्न प्रतिबंध भी लागू होंगे।

50.0 यदि बारिश हो रही हो, तो पानी से संपर्क आने पर ज्वालाग्राही वायु निर्माण करने वाले धन पदार्थों या घटकों का निपटान नहीं किया जाएगा।

ऐसे पदार्थों के निपटान और संक्रमण संग्रहण के प्रत्येक चरण में ऐसे पदार्थों के गिले न होने देने या सर्द हवा के संपर्क में न आने देने के लिए हर संभव प्रतिबंधक उपाय किए जाएंगे।

51.0 कुछ पदार्थों के केवल सर्द हवा के संपर्क से भी खतरनाक प्रतिक्रिया होने की संभावना रहती है। इसलिए इस तरह का माल भरे कंटेनर को कोई नुकसान पहुंचाता है या वह टूटता है, तो ऐसे कंटेनर का निपटान सक्षम प्राधिकारी के निदेशानुसार किया जाएगा। समक्ष प्राधिकारी सुरक्षा की सुनिश्चिति के लिए कोई भी आवश्यक कार्यवाही कर पायेगा यदि उसे आवश्यक प्रतीत हो तो वह ऐसा कंटेनर नष्ट करा देने के भी आदेश दे सकता है।

आयएमडी कोड वर्ग V—निपटान/संग्रहण

52.0 वर्ग VI—आक्सीडीकरण पदार्थ (एजेंट्स)—कुछ पदार्थ ऐसे भी होते हैं, जो अपने आप में शायद दहनशील न हों, पर आक्सीजन के अनुवर्तन (यिल्डिंग) करके या ऐसी ही किसी प्रकिया द्वारा उनके संपर्क में आने वाली अन्य सामग्री में आग लगने का खतरा पैदा करते हैं या आग की तीव्रता बढ़ा सकते हैं

52.1 वर्ग V(ii)—आरगॉनिक पैराक्साईड:—जिन आरगॉनिक पदार्थों में द्विसंयोजक O-O स्ट्रक्चर निहित है और जो एक अथवा दो हाईड्रोजन एटम की जगह आर्गेनिक रैडिकल द्वारा ली जाने पर हाईड्रोजन पेराक्साईड के (किराद्वेटिव्ह) माने जा सकते हैं, ऐसे पदार्थों के बाहय स्वयं गतिवर्धन अपघटन (एक्सोथर्मिक सेल्फ एक्सिलरेटिंग डिकंपोजिशन) की संभावना रहती है। इसके अलावा उनमें निम्नमें से एक या अधिक गुणधर्म हो सकते हैं:—

विस्फोटक भंजन की संभावना वाली
तेजी से जलन
घर्षण या टकराव/दबाव के प्रति अधिक संवेदनक्षम
अन्य पदार्थों पर खतरनाक प्रतिक्रिया देना
आँखों को नुकसानदेय

53.0 मालिक/एजेंट इस माल के निपटान के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए अनुदेशों का सख्त पालन करेंगे।

ए. आक्सीडीकरण पदार्थ—आयएमडीजी कोड वर्ग V(i)

54.0 इस वर्ग के सभी पदार्थों में आग के संपर्क में आने पर प्राण वायु उत्सर्जित करने वाले घटक होते है और ऐसे पदार्थों का मिश्रण दाहक सामग्री के साथ कभी कभी केवल घर्षण या टकराने से भी तुरत आग पकड़ सकता है। इसलिए यह माल प्राप्त करने से पहले सभी बोटस तथा किनारे के सभी स्थान एवं सारे मालगोदाम अच्छी तरह साफ किए जाने चाहिए।

55.0 कोई भी क्षतिग्रस्त या रिसता कंटेनर सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों के अनुसार ही हटाया जाएगा।

56.0 इस प्रकार का माल गिर जाने/रिसने की स्थिति में उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित तरीके से अलग से साफ किया/उठाया तथा हटाया जाएगा। इस प्रकार गिरे/फैले माल पर से किसी भी प्रकार का कोई बोझ/वजन कतई ले जाया नहीं जाएगा।

57.0 अम्लों द्वारा विषजन्य गैस उत्सर्जित किये जाने की काफी संभावना रहती है। इसलिए ये पदार्थ खास तौर पर अम्लों से संपूर्ण अलग रखे जाने चाहिए।

58.0 यह माल जिस बार्ज में या और जहां-जहां संग्रहित किया जाता है, उस बार्ज एवं उन स्थानों को उस माल की सुपुर्दगी होने या निकाले जाने के बाद संपूर्ण सफाई की जाएगी।

59.0 अमोनिया नाइट्रेट्स पर विशेष प्रतिबंध—आई-एमडीजी कोड में विनिर्दिष्ट किये के अनुसार बंदरगाह में लाये जाने वाले अमोनियम नाइट्रेट का ऑर्गनिक अशुद्धियों से मुक्त होना प्रमाणित होना चाहिए। उस माल के उत्पादक देश के सक्षम सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी शुद्धता प्रमाण पत्र ऐसे माल या जहाज को गोदी में प्रवेश की अनुमति दिये जाने से पहले प्रस्तुत किया जाना चाहिए. ये नियम खाद श्रेणी के अमोनियम नाइट्रेट पर लाग नहीं होंगे।

बी. ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड—आईएमडीजी कोड वर्ग 7

60.0 ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड का निपटान—द्रव ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड के रेसेप्टेकल बिल्कुल सीधे रखे जायेंगे। जरा से तिरछे हो जाने पर द्रव उनमे से गिर सकते हैं। ये द्रव रेसेप्टेकल के धातु से अथवा अन्य किसी वस्तु से संपर्क आने पर तीव्र प्रतिक्रिया देते हैं। जिनके कारण बड़े विस्फोट भी हो सकते हैं।

61.0 अन्य ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड (द्रव स्थिति में न होने वाले) पूरी सावधानी बरतते हुए निपटाये जायेंगे। यदि आवश्यक हो, तो लैंडिंग कुशन्स का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि घर्षणीय संपर्क टाला जा सके।

62.0 यदि पैरॉक्साइड रखा गया कोई रेसेप्टेकल या पैकेज क्षतिग्रस्त या रिसती स्थिति में पाया जाता है, तो उसे पानी से पूरी तरह भिगो दिया जाएगा, और बाद में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निदेशित तरीके से उसे हटाया जाएगा। पुनः पैकिंग अथवा क्षतिग्रस्त रेसेप्टेकल की मरम्मत का कार्य पत्तन क्षेत्र में करने की अनुमति नहीं है।

63.0 इस माल का निपटान किया जा रहा हो, उस पूरी अवधि के दौरान फायर-होजेस निकालकर अग्निशमन कर्मचारी वर्ग हर वक्त तुरंत कार्यवाही की दृष्टि से तैयार होना चाहिए।

64.0 ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड का आंखों से संपर्क टाला जाएगा। जब ऐसे माल से संबंधित काम हो रहा हो, तब उचित संरक्षण सामग्री उपलब्ध एवं इस्तेमाल की जाएगी।

65.0 यह माल हमेशा चिंगारी ज्योत, अथवा आग के अन्य स्रोतों से हमेशा दूर रखा जाएगा।

66.0 इस माल के पैकेजों का सूर्यकिरणों से सीधा संपर्क आने नहीं दिया जाएगा। और ऐसे माल का संग्रहण और निपटान अच्छे हवादार स्थानों में किया जाएगा।

67.0 ऑर्गेनिक पैरॉक्साइड का निपटान बाकी माल से दूर, अलग से किया जाएगा।

68.0 इस माल का निपटान केवल दिन की रोशनी में ही किया जाएगा।

निपटान/संग्रहण—आईएमडीजी कोड वर्ग 5

(69.0 वर्ग 6-I जहरीले (विषजन्य पदार्थ)—

69.0 वर्ग 6-I जहरीले (विषजन्य पदार्थ)—'विषजन्य' से वही अर्थ अभिप्रेत है, जो 'जहरीले' शब्द से है, ये वो पदार्थ हैं, जो निगलने, सूंघने से या त्वचा के संपर्क में आने से मनुष्य की मृत्यु हो सकती है, या वह गंभीर रूप से घायल हो सकता है, या वे उसके लिए अपकारक साबित हो सकते हैं।

69.1 वर्ग 6-II संसर्गजन्य पदार्थ—ऐसे पदार्थ, जिनमें वायेबल माइक्रो ऑर्गेनिजम्स अथवा उनके विषय (टॉक्सिन) समाविष्ट होते हैं और जिनके बारे में यह ज्ञात है या संदेह है कि वे मानव एवं जानवरों में रोग पैदा करते हैं।

70.0 मालिक/एजेंट इस माल के निपटान के बारे में सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों का पूरा अनुपालन करेगा।

71.0 रेसेप्टेकल—पोर्ट में लाये जाने वाले जहरीले पदार्थों के रेसेप्टेकल वायुरोधित करते मुहरबंद एवं सुरक्षित रूप से बंद स्थिति में होंगे, ताकि उसमें से भंप/द्रव/धूल निकल न पाये।

72.0 बार्ज मिलने से पहले तथा निपटान के दौरान सारे समय रेसेप्टेकल/कंटेनरों का निरीक्षण होना चाहिए।

73.0 इस वर्ग के जिस पदार्थ का फ्लश पॉइंट 61 सी, 141.8 एफ के नीचे है, वह भी परिभाषा के अनुसार ज्वालाग्राही द्रव है। इसलिए इस माल के निपटान में भी वैसी ही सावधानी बरती जाएगी जैसी कि ज्वालाग्राही द्रवों के लिए बतायी गयी है और ये द्रव शीत एवं हवादार जगह में संग्रहित किये जायेंगे।

74.0 ऐसे माल के सारे रेसेप्टेकल निपटान के समय सीधे ही रखे जाएंगे, ताकि गिर न पाये।

75.0 ये पदार्थ त्वचा से अवशोषण, अंतग्रहण से या सांस में घुलने से जहरीले साबित हो सकते हैं। इसलिए मजदूरों एवं इन पदार्थों के निपटान से संबंधित अन्य सभी लोगों की सुरक्षा के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित योग्य संरक्षक सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

76.0 ऐसे पदार्थों के रेसेप्टेकल्स का निपटान अन्य माल से अलग कराके किया जाएगा।

77.0 ऐसे पदार्थ यदि कभी खुले में संग्रहित किये जाते हैं, तो वे भारी/मजबूत टारपोलिन से अच्छादित रहेंगे और किसी प्रकार का रिसाव नहीं है। आदि की सुनिश्चित

के लिए अक्सर/नियमित निरीक्षण किया जाएगा और ढेर पर सुस्पष्ट दिखायी दें ऐसे उचित आईएमडीजी लेबल लगाये जाएंगे, ताकि आसपास काम कर रहे लोग उसे जहरीले माल के रूप में जान जाये। तथापि 61-सी, 141.8 एफ से कम फ्लश पॉइंट वाले ये पदार्थ किसी भी ज्वालाग्राही द्रव की तरह शीत एवं पर्याप्त हवादार जगह में रखे जायेंगे।

78.0 निपटान-संक्रमण या संग्रहण के दौरान कोई नुकसान होता है या माल गिर जाता है, तो उस स्थिति में वह माल, तथा उससे प्रदूषित हुए अन्य किसी माल के निपटान संबंधी निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जायेगा।

79.0 जहरीले पदार्थों के संबंध में किसी दुर्घटना की स्थिति में की जानेवाली कार्यवाही—

निपटान या संक्रमण संग्रहण के दौरान जहरीले पदार्थ के किसी रेसेप्टेकल/केस को कोई नुकसान पहुंचता है या उसमें रिसाव पाया जाता है, तो उस स्थिति में—

79.1 सक्षम प्राधिकारी को तुरंत सूचित करें।

79.2 आसपास के लोगों को वहां से हटकर सुरक्षित क्षेत्र में जाने की सूचना दें।

79.3 जिन लोगों की जहर से बाधित हो जाने की आशंका हो, उन्हें यदि उचित हो, तो प्रथमोपचार कराकर फिरपोर्टट्रस्ट अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करें।

अनुभाग के कोई जिम्मेदार कर्मचारी इन लोगों के साथ हो, ताकि वह कामपर होनेवाले डॉक्टर को दुर्घटना से संबंधित जहर का नाम तथा उसके ज्ञात गुणधर्मों की जानकारी दे सकें।

79.4 रिसाव के क्षेत्र के विसंदूषकरण के लिये योग्य आवश्यक कार्यवाही की जाए (रिसे जहर से दूषित माल यथा निर्दिष्ट प्रकार से निपटान के लिये अलग कराके रखा जायेगा।

80.0 विसंदूषीकरण :

इस वर्ग के जहरीले पदार्थों—खासकर द्रव पेस्टिसाइड्स के रिसाव के मामले में संबंधित पदार्थों की दृष्टि से समुचित विसंदूषीकरण उपाय सक्षम व्यक्ति की देखरेख में किये जायेंगे।

80.1 किसी भी व्यक्ति को जहाज के किसी भी ऐसे फोल्ड या कंपार्टमेंट में—जहां इस वर्ग के कुछ पदार्थों के रिसाव की आशंका हो—प्रवेश की अनुमति केवल तभी दी जायेगी, जब मास्टर या अन्य जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सभी सुरक्षा उपाय किये गये हों, और वहां प्रवेश करने में कोई खतरा नहीं, इस बात से वे संतुष्ट हों।

80.2 अन्य स्थितियों में 'होल्ड' के अंदर आपातकालीन प्रवेश प्रशिक्षित कर्मचारी-वर्ग द्वारा स्वयंपूर्ण श्वसन उपकरण और अन्य संरक्षक कपड़े पहनकर किया जायेगा।

81.0 औपसर्गिक (इन्फेक्शन) पदार्थ—IMDG कोड वर्ग 5 (II)

जो जहाज मालिक/एजेंट औपसर्गिक पदार्थों का निपटान करना चाहता हो, वह निपटान किये जाने वाले माल का सारा संबंधित ब्यौरा सक्षम प्राधिकारी को पर्याप्त समय पहले प्रस्तुत करेगा। यह समय पत्तन प्राधिकारियों को विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित सारी शर्तों/प्रतिबंधों के अनुसार माल के निपटान की व्यवस्था करने की दृष्टि से विशेषज्ञों की सलाह एवं सहायता प्राप्त करने के लिये पर्याप्त होना चाहिये।

विघटनाभिक (रेडियोअक्टिव) पदार्थों का निपटान/IMPG कोड वर्ग

82.0 परिभाषा

वहन के उद्देश्य की दृष्टि से 70 KBO/कि.ग्रा. से अधिक निर्दिष्ट विघटनाभिता होनेवाली प्रत्येक सामग्री विघटनाभिक सामग्री घोषित की जानी चाहिये।

83.0 ऐसी सामग्री का निपटान करने का इच्छुक परेषिती या एजेंट ऐसे माल के उचित निपटान के लिये भाभा अणुसंधान केंद्र (भाभा ऑटोनिक रिसर्च सेंटर) ट्रॉम्बे-से आवश्यक सलाह प्राप्त करेगा।

84.0 वे जोखिमी माल सामान सूची (अनुसूची I) और बीएआरसी के अनुदेशों की प्रतिलिपियां सक्षम प्राधिकारी को पर्याप्त समय पहले प्रस्तुत करेंगे, ताकि पत्तन इस माल को प्राप्त करने के लिये आवश्यक व्यवस्था कर सकें।

85.0 परेषिती द्वारा ऐसे माल का निपटान सामान्यतया विशेषज्ञ तकनीकी पर्यवेक्षण/देखरेख में किया जाता है। फिर भी अणुशक्ति विनियम मंडल (ऑटोमिक एनर्जी रेग्मुलेशन बोर्ड) की सारी सिफारिशों का पालन हो रहा है, यह देखने की जिम्मेदारी सक्षम प्राधिकारी की रहेगी।

86.0 क्षयकारी पदार्थों का निपटान और संग्रहण IMDG वर्ग 8

मालिक/एजेंट इस माल के निपटान के लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिये गये अनुदेशों का संपूर्ण पालन करेंगे।

87.0 इस वर्ग के पदार्थों में ऐसे गुणधर्म होते हैं, जो जीवित ऊतक (टिश्यू) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। वे भाँप उत्सर्जित कर सकते हैं, जिनके कारण श्लेष्मल झिल्लियों (म्यूकस मेंबटेन) की जलन (इरिटेशम) होती है कुछ भांप जहरीली भी हो सकती है। इसलिये ऐसे पदार्थों का निपटान करनेवाले तथा उसके संपर्क में आनेवाले लोगों के लिये योग्य व्यक्तिगत संरक्षक साधन उपलब्ध कराये जाना अत्यंत आवश्यक है।

88.0 इस माल का निपटान अन्य वर्ग के माल से बिल्कुल अलग रखकर किया जायेगा, तथा अम्ल क्षार उचित रूप से अलग किये गये हैं, इसकी सुनिश्चित के लिये पूरी सावधानी बरती जायेगी।

89.0 इस माल के रेसेप्टेकल/कार्बोय का निपटान अत्याधिक सावधानी से, तथा उन्हें हमेशा सीधे/खड़े रखकर किया जायेगा, ताकि किसी प्रकार का नुकसान या रिसाव टाला जा सके।

90.0 कोई भी क्षतिग्रस्त रेसेप्टेकल/कार्बोय तुरंत अलग कराया जायेगा, और सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों के अनुसार हटाया जायेगा। त्वचा से संपर्क न आने देने के लिये विशेष सावधानी बरती जायेगी।

91.0 इस वर्ग के 61-सी से कम फलश पाइंट होनेवाले पदार्थ ज्वालाग्राही पदार्थ होंगे, और इसलिये उनके निपटान एवं संग्रहण के दौरान सभी आवश्यक उपाय किये जायेंगे।

92.0 यह माल आच्छादित जगह में संग्रहित किया जाना चाहिए। जब यह संभव न हो, तब वह खुली जगह में, परंतु आच्छादित प्लेटफार्म पर—अन्य माल से अलग नया उचित प्रकार चिन्हित करके रखे जाएंगे।

93.0 जब भी क्षयकारी पदार्थों के कोई रेसेप्टेकल या निपटाने वाले कार्बोय क्षतिग्रस्त हो जाए, तो वे सक्षम प्राधिकारी के निदेशानुसार नष्ट किए या कराये जाएंगे।

94.0 दुर्घटना के समय—

94.1 आसपास के क्षेत्र के सारे व्यक्तियों को वहां से हटकर दूर सुरक्षित क्षेत्र में भेजा जाएगा।

94.2 दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल प्रथमोपचार उपलब्ध कराये जाएंगे और बाद में जल्द से जल्द अस्पताल या उचित उपाय दिलाने के अन्य स्थान पर भेज दिया जाएगा।

94.3 विशेष चिकित्सा सहायता की व्यवस्था की जाएगी।

तथा

94.3 सक्षम प्राधिकारी को तुरन्त सूचना भेजी जाएगी।

95.0 सक्षम प्राधिकारी क्षयकारी माल जहां गिर गया हो, वह क्षेत्र तथा गिरे क्षयकारी पदार्थ से दूषित सभी चीजों के विसंदूषिकरण की व्यवस्था करेगा।

खुदरा खतरनाक माल का निपटान एवं संग्रहण (आयएमडीजी कोड वर्ग IX)

96.0 इसमें ऐसे कुछ पदार्थ समाविष्ट हैं जो बताये गये किसी एक निश्चित वर्ग में ठीक तरह नहीं लाये जा सकते, क्योंकि उनसे एक विशिष्ट खतरे की संभावना रहती है जो अन्य वर्गों से संबंधित विनियमों द्वारा 'कवर नहीं किया जा सकता या ऐसे पदार्थों के वहन में अन्यों की तुलना में कम खतरा रहता है।

97.0 ऐसे पदार्थों का निकास संमत करते समय सक्षम प्राधिकारी उनके विशेष गुणधर्मों तथा उनके ज्ञात खतरों पर गौर करेगा और उनके सुरक्षित निपटान एवं संग्रहण के लिए आवश्यक प्रतिबंधक उपाय निर्दिष्ट करेगा।

98.0 रद्द करना—इन विनियमों के लागू होने पर मर्चेंट (जोखिम माल का निपटान) विनियम 1986 रद्द हो जायेंगे—बशर्ते कि इन विनियमों के इस प्रकार रद्द होने से उस विनियम का पूर्व प्रचलन एवं कथित विनियम के अंतर्गत जारी आदेश प्रथाएं या उनके अंतर्गत की गयी किसी बात या की गयी किसी कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल असर नहीं होगा।

खतरनाक माल के लदान/उतारे जाने के लिए आवेदन पत्र निकसन एवं नौवहन (क्लिअरिंग और शिपिंग) एजेंसी का नाम

खतरनाक माल निरीक्षक,
.....पोर्ट ट्रस्ट,
.....

महोदय,

संदर्भ : जहाज का नाम आगमन/देय तिथि एवं यात्रा

उपरोक्त जहाज.....(पत्तन)..से दिनांक .....को आना अपेक्षित है।

2. *उस जहाज में जोखिमी माल भरा हुआ है, जो इस पत्तन में उतारा जाना है ('स्वतंत्र सूची संलग्न करें)।

3. *इस जहाज पर 'संक्रमण' (ट्रांजिट) माल के रूप में निम्न जोखिमी माल भी रखा गया है, जो.....पत्तन/पत्तनों में भेजा जाना है। (पत्तन/पत्तनों के नाम दें) (स्वतंत्र सूची संलग्न करें)

4. *हम नीचे बताये पत्तन/पत्तनों को भेजने के लिए निम्न जोखिमी माल उपरोक्त जहाज पर चढाना चाहते हैं, (स्वतंत्र सूची संलग्न करें)

5. कृपया पावती दें और संलग्न सूचियों पर उपरोलिखित माल के लिए आवश्यक अनुदेश दें।

धन्यवाद,

भवदीय,

संलग्न : (1) जोखिमी माल की सूची।

(2) जोखिमी माल की टिप्पणी।

(3) जांच सूची।

(4) पेकेजिंग प्रमाण पत्र (निर्यात माल के लिए यदि आवश्यक हो)।

(5) संक्रमण माल की सूची—यदि जहाज पर रखा गया हो।

अनुसूची—I

इस अनुसूची में जोखिमी माल सूची, जोखिमी माल टिप्पणी तथा जांच सूची आदि सहित आवेदन पत्र को नमूना सूची समाविष्ट है, जोखिमी माल के लदान और/अथवा

उतारने का काम शुरू करने से पहले जहाज द्वारा ये प्रपत्र उचित रूप से भरकर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

जोखिमी माल के लिए जहाज की जांच सूची

जहाज का नाम :.....पत्तन (पोर्ट) .....
घाट ..... तिथि.....
पूरे करने के अनुदेश

सुरक्षित प्रचालन की दृष्टि से सारे प्रश्नों के जवाब सकारात्मक होना आवश्यक है। यदि सकारात्मक उत्तर नहीं दे पाते हो, तो उसका कारण बताया जाएगा।

अनुक्रमांक	टिप्पणी
1	क्या जहाज सुरक्षित रूप से बांधा गया है ?
2	जहाज पर प्रभावकारी 'डेकवॉच' की व्यवस्था है ?
3	जहाज-किनारे के बीच संपर्क व्यवस्था कार्यरत है ?
4	अग्निभवन एवं अग्निशमन उपकरण तुरन्त इस्तेमाल के लिए तैयार है?
5	प्रदूषक जहाज पर न गिरे, इसकी सुनिश्चिति के लिए समुद्र एवं जहाज के व्हाल्वह इस्तेमाल में न होने पर हमेशाबद रखे जाते हैं ?
6	क्या कामकाज की जगह पर 'धूम्रपान निषिद्ध के सूचनापट्ट सुस्पष्ट तथा आसानी से ध्यान जाये इस प्रकार लगाए गए हैं ? क्या धूम्रपान संबंधी सूचनाओं का पालन किया जाता है ?
7	क्या गली एवं रसोई के साधनों के इस्तेमाल सबंधी आवश्यकताएं निभाई जा रही हैं ?
8	क्या अनावृत्त बल्ब सबधी निवेश पूरे किए जाते हैं ?
9	क्या कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा साधन उपलब्ध हैं ?
10	क्या कामकाज की जगह पर काम करने के लिए उचित रोशनी है ?
11	क्या निपटान उपकरण जांचे गए एवं प्रमाणित , और इस्तेमाल के लिए योग्य हैं ?
12	क्या आप माल के लिये यथा निर्धारित ईएम एक्स प्लान कार्यान्वित करने के लिये तैयार हैं ?
13	क्या आपके पास आयएमडीजी कोड द्वारा यथा निर्धारित आवश्यक दवाईयां (अंटीडोट) हैं ?
14	क्या कामगाज के आसपास अग्नि/उष्णता की आवश्यकता होने वाले मरम्मत कार्य रोक दिए गए हैं ?
15	क्या कंटेनर पैकेट कार्बोयाज बोतलें, ड्रम या पैकिंग के अन्य सारे साधन क्षतियुक्त/रिसाव मुक्त एवं काम के लिए अन्यथा सुरक्षित कर लिए गए हैं।

मास्टर

टिप्पणी—जांच सूची पर मास्टर के हस्ताक्षर हो जाने तक कोई भी जहाज जोखिमी माल का निपटान का कार्य शुरू नहीं करेगा। इसके अलावा यदि किसी प्रश्न का जवाब नकारात्मक हो, तो भी जोखिमी माल का निपटान प्रचालन शुरू करने से पहले सक्षम प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक है।

अनुसूची—II

1.0 मुंबई बंदरगाह में उतराने एवं निपटान करने की पद्धति तय करने की दृष्टि से जोखिम माल 'आयएमडीजी वर्गीकरण पैकेजिंग एवं नौभरण के अनुसार निम्न गटों में विभाजित किया गया है।

1.1 गुट 1—आयएमडीजी वर्गीकरण।

3.1 फ्लंश पाइंट—18 सी के नीचे

3.2 फ्लंश पांइट—10 सी के नीचे

4.1 पैकेजिंग गुट 1 और नौभरण श्रेणी 'डी'

4.3 पैकेजिंग गुट : 1 और नौभरण श्रेणी 'डी'

6.1 यथोक्त, और फ्लंश पांइट 10सी के नीचे

8.0 यथोक्त, और फ्लंश पाइंट—10 सी के नीचे

(माल) हाजी बंदर में सीधी सुपुर्दगी के लिए बीच प्रवाह उतारा जाना है, तथापि सक्षम प्राधिकारी कंटेनरीकृत माल सीधी सुपुर्दगी के लिए गोदियों में खुले घाट में उतारे जाने की अनुमति दे सकता है।

1.2 गुट II—आयएमडीजी वर्गीकरण

2.1

2.3

3.2 फ्लॅश पॉइंट—10 सी से ऊपर 23 सी तक

4.1 पॅकेजिंग गुट I और नौभरण श्रेणी ई और सी

4.2 पॅकेजिंग गुट I और नौभरण श्रेणी डी और ई

4.3 पॅकेजिंग गुट II और नौभरण श्रेणी ई और सी

5.1 पॅकेजिंग गुट I और नौभरण श्रेणी डी और ई

5.2 पॅकेजिंग गुट I और नौभरण श्रेणी डी और ई

6.1 10सी से 23 सी के नीचे का फ्लॅशपाइट

7.0

8.0 10सी से 23 सी के नीचे का फ्लॅशपाइट

हाजीबंदर में सीधी सुपुर्दगी के लिये बीच प्रवाह उतारा इस गुट के माल के कंटेनर हाजीबंदर में भेजने के पूर्व

संग्रहण एवं सुपुर्दगी के लिये गोदियों में उतारने की संमती दी जा सकती है ।

1.3 गुट III

I MDG वर्गीकरण

3.3

2.3

1.4 गुट IV IMDG वर्गीकरण—

6.1 पैकेजिंग गुट II और III तथा नौभरण श्रेणी ए और बी

8.0 पैकेजिंग गुट II और III तथा नौभरण श्रेणी ए और बी

निपटान एवं संग्रहण के संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट शर्तों पर माल संग्रहण एवं सुपुर्दगी के लिये गोदियों में उतारे जाने की अनुमति दी जा सकती है ।

चूंकि माल उतारने का स्थान उक्त खंड में स्वयं ही दर्शाया गया है, अनुसूची II का खंड 2 रद्द माना जाये ।

2.6 मालिक/एजेंट की जिम्मेदारी

खतरनाक माल माल वहन करने वाले बीजों में एक दूसरे से मेल न खाने वाले विभिन्न वर्गों का माल नहीं भरा जाएगा और जहां एक दूसरे से मेल खानेवाले दो से अधिक वर्गों का माल भरा जाता है, वहां विभिन्न वर्गों के माल के बीच पृथकरण (सेग्रिगेशन)– के लिए पर्याप्त जगह रखी जाएगी । प्रत्येक मामले में खतरनाक माल के निरीक्षक अथवा सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों का अनुपालन किया जाएगा ।

खतरनाक माल वहन करने वाले बार्ज/लाइटर्स के होल्डस तथा डेक का भूपृष्ठ क्षेत्र नॉन-स्पार्किंग और नॉन-स्पार्किंग होगा ।

खतरनाक माल वहन करने वाले बार्ज को कहीं भी अनावृत्त बत्ती अथवा खुली ज्वाला जलाने की सख्त मनाई है ।

किसी भी निर्धारित घाट अथवा पीयर में पास-पास घाट लंगाए गए दो बार्जों के बीच 9.0 मी. की सुरक्षित दूरी रखी जाएगी ।

खतरनाक माल के बार्ज/लाइटर्स का किसी भी घाट अथवा पीयर में रात्रि वास्तव्य खतरनाक खतरनाक माल के निरीक्षक की निश्चित अनुमति से ही हो सकता है ।

बार्जों के साथ-साथ खड़े रहने के लिए शेड अधीक्षक ताकि उसे बार्जों की प्राप्ति तथा दिन में माल उतारे जाने के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया की सुनिश्चित की पर्याप्त व्यवस्था समयपर करना सभव हो सके ।

4.7 विनियम क्र. 5.4 से 5.6 (दोनों शामिल है) तक के प्रावधानों का उचित अनुपालन हो रहा है यह देखने की जिम्मेदारी पत्तन विभाग के निरीक्षक की होगी ।

5.0 अन्य पत्तनो को जाने के लिये कटेनरो में भरा गुट I या किसी अन्य श्रेणी का जोखिमी माल वहन करने वाले जहाजों को वह माल जहाजपर रहने देने की अनुमति दी जायेगी । उसी प्रकार अन्य पत्तनों के लिये पैकेजेस में रखा गुट II, III, और IV का माल भी जहाजपर रहने दिया जायेगा, तथापि संक्रमण माल के सभी मामलों में मालिक/एजेंट द्वारा जोखिमी माल निरीक्षक को सत्य एवं सही तथ्य बताये जायेंगे, और वे निरीक्षक को उपाय निर्धारित करेंगे, उन्हें पूरा करेगा । आने वाले जहाज का मास्टर भी पाइलट को जोखिम संक्रमण माल का सही एवं सत्य घोषणापत्र प्रस्तुत करेगा ।

मुंबई बंदरगाह के न्यासी मंडल के आदेशानुसार

किशोर जी० आपटे

सचिव

MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT
(PORTS WING)

New Delhi, the 7th October, 1994

NOTIFICATION

GSR 744(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 124 of the Major Port Trusts Act, 1963, the Central Government hereby approves the Bombay Port Trust (Transport, Handling and Storage of Dangerous Goods) Regulations, 1994 made by the Board of Trustees of the Port of Bombay in exercise of the power conferred under Section 123 of the Major Port Trust Act, 1963 and duly published in Maharashtra Government Gazette dated 16-6-94 and 23-6-94 respectively, as detailed in the schedule annexed to this notification.

[File No. PR-16012/3/94-PG]

C. S. KHAIRWAL, Jt. Secy.

BOMBAY PORT TRUST

NOTIFICATION

No. SECY|G|DT-TA

The following regulations which the Board of Trustees of the Port of Bombay have made in exercise of the powers conferred by sub-sections (i) to (o) of section 123 of the Major Port Trusts Act, 1963, are hereby published as required by sub-section (2) of section 124 of the said Act, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that approval of the Central Government to the said regulations will be applied for on or after the expiry of a period of fourteen days from the date on which the said regulations are first published in this Gazette.

TRANSPORT, HANDLING AND STORAGE OF DANGEROUS GOODS IN THE PORT OF BOMBAY REGULATIONS, 1994

PART I

1.0 Title

These regulations may be called "The Transport, Handling and Storage of Dangerous Goods in Bombay Port Regulations, 1994" and are framed under the provisions of clauses (f) and (n) of section 123 of Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963) made by the Port of Bombay.

2.0 Application

These Regulations are applicable within the Port Limits of Bombay and in all the Docks, Wharves, Quays, Bunders, Jetties, Railway, Buildings and other works constructed or acquired by or vested in the Board of Trustees of the Port of Bombay and on lands and/or foreshore and in all the Docks under the control and superintendence of the Port of Bombay hereinafter called the Port.

3.0. Nothing contained in these rules shall be deemed to be derogatory to the provisions of the Merchant Shipping Act, 1958, the Explosives Act, 1884. Petroleum Act, 1934 and the Inflammable Substance Act, 1952, Dock Workers (Safety, Health and Welfare) Regulations, 1990, the Environment Act (Protection), 1986 and the Regulations framed thereunder :

4.0. Definitions.

4.1. Boat.—Boat means a barge of similar craft used for movement of goods within the Port.

4.2. Chairman.—Chairman means the Chairman of the Board of Trustees and includes any person appointed to act in his place.

4.3. Competent Authority.—Competent Authority for the purpose of these regulations means Deputy Conservator as an officer duly appointed by the Board of Trustees to administer the provisions of these regulations.

